तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 लक्ष्य जिला इकाई बेमेतरा का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



11 बाघुल में वैदिक विधि से गौ-यज्ञ संपन्न...



## खबर संक्षेप

### नपं साजा में मतदाता गहन पुनरीक्षण का सफल संचालन



**साजा।** भारत सरकार के निर्देशनुसार आज नगर पंचायत साजा में मतदाता गहन पुनरीक्षण में जिन मतदाताओं के द्वारा 2003 की सूची या दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया था उनका नोटिस जारी कर पेशी की गयी जिसमें अधिक संख्या में मतदाताओं के द्वारा दस्तावेजों के साथ उपस्थिति देखने को मिली सभी मतदाताओं ने अपने भारत के नागरिक होने के सबूत के तौर पर अपने दस्तावेज प्रस्तुत किये जिसे सत्यापित कर श्री बसंत कुमार लोन्हारे मुनपा अधिकारी ( सहा. पंजीकरण अधिकारी) साजा द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा को ऑनलाईन के माध्यम से कार्यवाही हेतु भेजा गया जिसमें चंद्रप्रकाश वर्मा, भूपेश सिन्हा नगर पंचायत साजा व शशिकला निर्मलकर, अंजू वर्मा, तोमेश्वरी साहू, रमेशरिन बाई (बीएलओ) भी उपस्थित रहें ।

### ताला तोड़कर नकदी सहित जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार किया गया।शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ब्लाक 12/9 हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी हरेन्द्र पाल परिवार समेत मकान में ताला जड़कर गृह ग्राम लहेजी सिवान बिहार गया हुआ था। 30 दिसंबर की सुबह पड़ोसी ने फोन कर सूचना दिया की मकान के पीछे का गेट टूटा हुआ है। 2 जनवरी को वापस गांव से लौटने पर मकान के भीतर प्रवेश करने पर देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से सोना चांदी के जेवरात व नगदी रकम 30 हजार रुपये गायब मिले। खोजबीन करने के बाद सामान नहीं मिलने पर परिजनों ने शिकायत पुलिस से किया। चोरी हुए सामानों की कमीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### अवैध शराब बेचने वाले पुलिस पकड़ में

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है।एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सीएच 4 दुर्गा मंदिर सेक्टर 5 भिलाई निवासी राज नायक और धनोरा संतोष गिरी को गिरफ्तार किया गया है।आरोपियों के पास से पुलिस ने अवैध शराब व एक्टिवा सीजी 07 सीआर 4533 जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 78 हजार 200 रुपए आंकी गई है। मामले में पुलिस तीन अन्य आरोपी की तलाश में है।

# जन-सहयोग की मिसाल: अधिकारी-कर्मचारी बने 'निक्षय मित्र', टीबी मरीजों को मिला पोषण संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पोषण और नियमित दवा से मरीजों में सुधार, टीबी मुक्त भारत की दिशा में कदम

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत साजा विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन-सहयोग की एक अनूठी और सराहनीय पहल की जा रही है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई की पहल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेकर के मार्गदर्शन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वर्मा के विशेष प्रयास से विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी टीबी मरीजों को गोद लेकर 'निक्षय मित्र' के रूप में सहयोग कर रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत टीबी मरीजों को नियमित जांच एवं उपचार के साथ-साथ पोषण युक्त खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। दवाइयों के साथ आवश्यक पोषण मिलने से मरीजों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम यह है कि टीबी से क्योर होने वाले मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के इस मानवीय प्रयास की आम जनता द्वारा प्रशंसा की जा रही है। लोगों का कहना है कि इलाज के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराना टीबी उन्मूलन की दिशा में एक प्रभावी और व्यावहारिक कदम है।

## स्वास्थ्य विभाग की जन-सहयोग की अनूठी पहल



### निक्षय मित्रों के माध्यम से मिल रहा पोषण सहयोग

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों का सर्वे, जांच, उपचार एवं निःशुल्क दवाइयाँ पहले से उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब निक्षय मित्रों के माध्यम से पोषण सहयोग मिलने से मरीजों को अतिरिक्त लाभ मिल रहा है, जिससे उपचार और अधिक प्रभावी हो रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वर्मा ने बताया कि समय पर पोषण आहार मिलने से टीबी मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहे हैं तथा उनके वजन में भी अपेक्षित वृद्धि देखी जा रही है। वहीं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक पुरन दास ने बताया कि टीबी मरीजों के सहयोग हेतु विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सामाजिक संगठनों, सहयोगी संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों से निक्षय मित्र बनने की अपील की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी तीन माह में अधिक से अधिक निक्षय मित्र जोड़ने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाएगा, ताकि जिले को शीघ्र टीबी मुक्त बनाया जा सके।

## निजी ठेके पर बसें चलाकर नियमों को ताक पर रख रहे मालिक

# बस संचालकों की दबंगई से यात्री त्रस्त, मनमाना किराया और दुर्व्यवहार बना रोज़ का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

निजी बस संचालकों की मनमानी और प्रशासनिक उदासीनता के चलते आम यात्रियों का सफर दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। नियमों की खुलेआम अनदेखी, मनमाना किराया वसूली और यात्रियों से अभद्र व्यवहार अब रोज़मर्रा की समस्या बन चुकी है।

यात्रियों का आरोप है कि परिवहन विभाग की ढिलाई के कारण बस संचालकों के हौसले बुलंद हैं और वे कानून को ठेंगा दिखाकर संचालन कर रहे हैं। निजी ठेके पर बसें, मुनाफे की दौड़ में यात्रियों का शोषण सूत्रों के अनुसार, अधिकांश बस मालिकों ने अपनी बसें निजी ठेकेदारों को सौंप दी हैं। ठेकेदार लागत निकालने और अधिक मुनाफा कमाने के लिए यात्रियों से तय किराये से कहीं अधिक राशि वसूल रहे हैं। विरोध करने पर यात्रियों के साथ गाली-गलौज और बदसलूकी की जाती है। कई मामलों में यात्रियों को बस से उतारने की धमकी तक दी गई है।

### यात्रियों की प्रमुख मांगें



पीड़ित यात्रियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए निम्नलिखित सुझाव रखे हैं परिवहन विभाग एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त करे, जो शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करे। सभी बसों के भीतर परिवहन विभाग और पुलिस के हेल्पलाइन नंबर मोटे अक्षरों में अनिवार्य रूप से अंकित हों। मनमाने किराये पर रोक लगाने के लिए डिजिटल या स्पष्ट प्रिंटेड टिकट व्यवस्था अनिवार्य की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों और ठेकेदारों पर सख्त जुर्माना व लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई हो। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है, या फिर आम यात्रियों को यूँ ही बस संचालकों की मनमानी का शिकार होना पड़ेगा।

**टिकट व्यवस्था बेपटरी, सबूत से वंचित यात्री:** शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि टिकट पर गंतव्य, दूरी और किराया साफ-साफ अंकित होना चाहिए। लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। अधिकांश बसों में हाथ से लिखे, बिना नाम और मुहर वाले टिकट थमा दिए जाते हैं। लिखावट इतनी खराब होती है कि यात्री उसे पढ़ ही नहीं पाते। इस कारण ओवरचार्जिंग की शिकायत करने पर यात्रियों के पास कोई ठोस कानूनी सबूत नहीं बचता।

**हेल्पलाइन और शिकायत तंत्र नदारद:** बसों के भीतर परिवहन विभाग या पुलिस के शिकायत नंबर दर्ज नहीं हैं। न ही कोई टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किया गया है। ऐसे में यात्रियों के लिए तत्काल शिकायत दर्ज कराना लगभग असंभव हो जाता है। यात्रियों का कहना है कि कई बार बस मालिकों से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने जिम्मेदारी लेने से साफ इंकार कर दिया।

### सुविधाओं का अभाव, सफर बना तनावपूर्ण

अधिकांश बसों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। परिचालकों का व्यवहार अक्सर आक्रामक रहता है। बात-बात पर झगड़े और बहस से यात्रियों को मानसिक तनाव झेलना पड़ता है, जिससे यात्रा असहज और भयपूर्ण हो जाती है। वही प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठ रहा है। यात्रियों और सामाजिक संगठनों ने परिवहन विभाग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर जांच और सख्त कार्रवाई होती, तो हालात इतने खराब नहीं होते।

## परपोड़ी में एसआईआर कार्य अंतिम चरण में, 'सी' सूची मतदाताओं की हुई सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

- बूथ क्रमांक 196 में 28 में से 26 मतदाता सुनवाई में हुए शामिल

नगर में एसआईआर का कार्य अंतिम चरण में है। एसआईआर मतदाता सूची को अधिक प्रामाणिक और त्रुटिरहित बनाने के लिए एसआईआर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी सोमवार नगर पं चा य त परपोड़ी के सभाकक्ष में बूथ क्रमांक 196 के मतदाता सूची के सी सूची के मतदाताओं की सुनवाई हुई।

कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एसआईआर पर सुनवाई की तिथि सोमवार को बूथ क्रमांक 196 के सी सूची मतदाओ की सुनवाई हुई। बूथ क्रमांक 196 के 'सी' सूची में कुल 28 मतदाताओं को चिन्हित किया गया था जिसमें 26 मतदाता सुनवाई के पहुंचे। इसमें बूथ क्रमांक 196 में कुल मतदाता 728 इसमें सी सूची के मतदाता 28, बूथ क्रमांक 197 में कुल मत9 इसमें सी सूची के मतदाता 12, बूथ क्रमांक 198 में कुल मतदाता 682 इसमें सी सूची के मतदाता 12, बूथ क्रमांक 199 में कुल मतदाता 1014, इसमें सी सूची के मतदाता 18 है। इस प्रकार सी सूची में कुल मतदाता 70 है। नगर में कुल बूथ की संख्या 4 है। इसमें कुल मतदाओं की संख्या 2,993 है। इसमें पुरुष मतदाता की संख्या 1468 है, महिला मतदाता की संख्या 1525 मतदाता है।

### एसआईआर में मतदाता ने दिए कागजात

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वार्ड के प्रत्येक घर से एसआईआर के लिए एसआईआर प्रपत्र में जानकारी व हस्ताक्षर, 2 फोटो, आधार कार्ड एवं 2003 के मतदाता सूची में संबंधित के नाम या पिता के नाम या रिश्तेदार के नाम वाले पेज की कॉपी एकत्रित किए। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में पहुंचे आशीष छाबड़ा, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत जिया में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन प्रकाश क्रिकेट क्लब द्वारा पंथ श्री गृंध मुनिनाम साहब की स्मृति में किया गया था।

समारोह के दौरान आशीष छाबड़ा ने मैदान पर उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। किसी न किसी रूप में खेल हर व्यक्ति के जीवन से जुड़ा होता है। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि इसके जरिए संस्कृति का आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेलते देखकर उन्हें अपने स्कूल जीवन की यादें ताज़ा हो गईं, जब वे स्वयं क्रिकेट में विशेष रुचि लेकर खेला करते थे। उन्होंने युवाओं से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। **ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर मिथलेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, अमित वर्मा, राजकुमार बंजारे, निलेश ठाकुर, शैलेन्द्र साहू, सुनील बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# सरपंचों का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- 15वें वित्त की राशि और मूलभूत सुविधाओं की देर से जारी होने पर नाराजगी

बेरला जनपद पंचायत के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने सोमवार को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम कर प्रशासन पर दबाव डाल दिया। उनका आरोप है कि नवनिर्वाचित सरपंच बनने के 11 महीने बीत जाने के बावजूद 15वें वित्त की राशि और मूलभूत सुविधाएं अब तक जारी नहीं की गई हैं, जिससे विकास कार्य ठप और ग्रामीण परेशान हैं। सरपंचों ने चेतावनी दी कि यदि राशि और सुविधाएं जल्द नहीं मिलीं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

धरना-प्रदर्शन की शुरुआत दोपहर 01 बजे जनपद पंचायत कार्यालय से हुई, जहां दीप्ति मंडावी को ज्ञापन सौंपा गया। 01:30 बजे बेरला बस स्टैंड पर चक्का जाम किया गया और 02 बजे एसडीएम कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद तहसीलदार डॉ. आशुतोष गुप्ता के कार्यालय का घेराव किया गया। सरपंचों ने कहा कि बिना वित्तीय राशि के ग्राम पंचायतों के विकास कार्य ठप हैं। बिजली, पानी, स्वच्छता, पेयजल और मोटर रिपेयरिंग के काम नहीं हो पा रहे हैं। दुकानदार और सामग्री प्रदाता लगातार भुगतान के लिए संपर्क कर रहे हैं, जिससे सरपंच अपमानजनक स्थिति का सामना कर रहे हैं। महिला सरपंचों ने कहा, "मनुष्य के जीवन के लिए जल और सांस जरूरी है, वैसे ही पंचायत के लिए मूलभूत सुविधा और वित्तीय संसाधन। राशि नहीं मिलने से ग्रामीणों की उम्मीदें टूट रही हैं।



### मूलभूत सुविधाएं नहीं तो आंदोलन होगा और तेज: सिन्हा

सरपंच संघ के अध्यक्ष रघुवीर पिंटू सिन्हा ने चेतावनी दी कि "हमने कई बार प्रशासन को समस्या की सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि जल्द वित्त और मूलभूत सुविधाएं जारी नहीं की गईं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। सरकार की छवि खराब हो रही है और ग्रामीणों का विश्वास कमजोर हो रहा है। हम दूसरी बार बने या न बने, लेकिन सरकार बदलना तय है।" इस मौके पर बेरला जनपद पंचायत के सभी ग्राम पंचायत सरपंच मौजूद थे और उन्होंने शासन-प्रशासन से तत्काल वित्त और मूलभूत सुविधाओं की मांग की।

## पुलिस के जागरूकता अभियानों और यातायात निगरानी का दिखा असर

# जिले में सड़क हादसों में आई कमी, एक साल में 25 जानें बचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बेमेतरा पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों और सख्त यातायात निगरानी का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में सड़क हादसों के दौरान मौत और घायलों की संख्या में कमी दर्ज की गई है, जिससे सड़कों पर बढ़ते हादसों पर नियंत्रण की दिशा में पुलिस को अहम सफलता मिली है । खैर एक भी व्यक्ति की जान जाना दुखद है परंतु इस यह गिरावट सीधे तौर पर पुलिस की सक्रियता, जनसहभागिता और निरंतर चलाए गए जागरूकता अभियानों का परिणाम से अगर एक भी व्यक्ति का जीवन सुखद है ।

बहरहाल पुलिस विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 239 लोगों की मौत हुई थी और 404 लोग घायल हुए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा घटकर 214 मौतें और 376 घायल रह गया। इस तरह एक वर्ष में 25 लोगों की जान बची, वहीं घायलों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। एसएसपी रामकृष्ण साहू के निर्देशन में जिले के सभी थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत "हमर पुलिस हमर गांव" और "हमर पुलिस हमर बाजार" अभियान को निरंतर संचालित किया गया। इसके अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चौक-चौराहों,स्कूल-कॉलेजों, हाट-बाजारों और ग्राम चौपालों में यातायात नियमों को लेकर आमजन व छात्र- छात्राओं को जागरूक किया गया।

### खास बातें

- वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 239 लोगों की मौत हुई, 404 लोग घायल हुए
- वर्ष 2025 में मौतों की संख्या घटकर 214 और घायलों की संख्या 376 रही



### जनसहयोग से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है: एसपी साहू

एसएसपी श्री साहू ने सड़क सुरक्षा को जीवन रक्षा से जोड़ते हुए आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में ड्राइविंग करना और ट्रैक्टर-पिकअप व मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाना गंभीर दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रहा है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की है। पुलिस का मानना है कि जनसहयोग से सड़क दुर्घटनाओं में और अधिक कमी लाई जा सकती है और जिले को सुरक्षित यातायात व्यवस्था की ओर अग्रसर किया जा सकता है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थी खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थी खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्री नवीन ताम्रकार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तेलचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया, तत्पश्चात मशाल प्रज्ज्वलन के साथ खेल महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन हुआ।

खेल महोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों को चार समूहों में विभाजित किया गया। सभी समूहों के विद्यार्थियों ने अनुशासनबद्ध मार्च पास्ट किया, जिसकी सलामी मुख्य अतिथि, संस्था प्राचार्य एवं उपस्थित व्याख्याताओं द्वारा ली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम व्याख्याता आर. पी. श्रीवास एवं संस्था प्राचार्य एम. के. साहू ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में मुख्य अतिथि श्री नवीन ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं तथा खेलों से अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेल महोत्सव का शुभारंभ 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता से किया गया। आयोजन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन व्याख्याता श्री पवन कुमार धुर्वे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि नवीन ताम्रकार एवं रमेश देवांगन के करकमलों से पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप




### दुर्गेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक व महाआरती

**दुर्ग।** दुगेश्वर महादेव मंदिर, आदित्य नगर में रुद्राभिषेक, भगवान शिव का विशेष श्रृंगार, महाआरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। महाआरती के साथ श्रद्धालुओं ने नए वर्ष की मंगलकामनाएं व्यक्त की और शिव आराधना में हिस्सा लिए। समाज सेविका एवं मंदिर समिति की सदस्य नीलू संजय सिंह द्वारा भक्तों से आग्रह किया गया कि वे घर से सजी हुई आरती की थाली लेकर आएं और शिव परिवार के समक्ष आराधना कर नववर्ष की शुभ शुरुआत करें। मंदिर परिसर में व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जल की पर्याप्त व्यवस्था की गई। आयोजन के दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहेगा।

### ट्राइबोलॉजी पर 13वीं अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस

**दुर्ग।** आईआईटी भिलाई में ट्राइबोलॉजी (इंडिया ट्राईब) पर तेरहवें अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आयोजन संयुक्त रूप से मैकेनिकल विभाग, आईआईटी भिलाई एवं ट्राईबोलोजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। इस कांफ्रेंस का विषय ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड था। इस सम्मेलन में शिक्षा जगत और उद्योग जगत के ट्राइबोलॉजी के अग्रणी विशेषज्ञों द्वारा कई पूर्ण सत्र, भाषण और व्याख्यान दिए गए। छात्र शोधकर्ताओं ने भी मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने कार्यों का प्रदर्शन किया, जिससे उभरते हुए विद्वानों को अपने शोध को साझा करने का मंच मिला। आईआईटी भिलाई के निदेशक और सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने अंतर्विषयक अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। ट्राइबोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रो. सतीश वी कैलाश ने व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने और तकनीकी नेटवर्क को मजबूत करने में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की भूमिका को रेखांकित किया।

# मरोदा व सुपेला ओवरब्रिज के नीचे डंप कर रहे बिल्डिंग मटेरियल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मरोदा और सुपेला ओवरब्रिज के नीचे बिल्डिंग मटेरियल डंप किया जा रहा है। जिसकी वजह से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। हाल यह है कि लोगों का यहां गुजरना मुश्किल हो गया है। वाहनों के असंतुलित होकर गिरने का खतरा मोल लेकर लोग यहां से आवागमन कर रहे हैं। न ही रिसाली निगम और न ही भिलाई निगम कोई कार्रवाई कर रहा है। जिसकी वजह से लोगों में आक्रोश है।

मरोदा ओवरब्रिज के नीचे लगातार कब्जे बढ़ रहे हैं। पहले ही यहां पर ठेले और खोमचे वालों को रिसाली निगम ने जगह आबंटित कर दी है। इसलिए आबंटितों के व्यवसाय से लोगों को कोई परेशानी नहीं है इसलिए कि वे एक निर्धारित स्थान पर अपना कारोबार चला रहे हैं। लेकिन ओवरब्रिज के नीचे ट्रेडर्स का कारोबारी रेत डंप कर कब्जा कर लिया है। यहां पर इस ट्रेडर्स और भी कब्जे हैं। जलसंसाधन विभाग की नाली पर निर्माण कर लिया है। वहां पर भी मटेरियल डंप करता आ रहा है।

## राहगीरों को हो रही परेशानी, मरोदा में ओवरब्रिज के नीचे कब्जा

### कब्जे कर दुकान तान दिया

मरोदा ओवरब्रिज के नीचे बीआरपी की तरफ एक व्यक्ति ने तो ऐसा कब्जा किया है कि वह पूरे वर्षभर सीजनल कारोबार कर रहा है। बकायदा पाटा डालकर दुकान सजाता है। बोरे से चारों तरफ घेरा भी कर लिया है। मैत्री गार्डन तिराहे से लेकर मरोदा ओवरब्रिज के अंत तक कब्जे का ही खेल चल रहा है। लोग सड़क किनारे बांस-बल्ली डालकर कब्जा किए हुए थे वे अब निर्माण में तब्दील हो रहे हैं।



### निगम की कार्रवाई औपचारिक

रिसाली निगम ने सालभर पहले मैत्री बाग तिराहे से लेकर ओवरब्रिज के दोनों छोर पर कब्जे करने वालों पर कार्रवाई की और अब चुप्पी साध ली है। रहवासियों ने बताया कि टंकी मरोदा में सड़क किनारे की दुकानें अब रोड तक आ गई है। कारोबारी अपनी दुकान से सड़क पर सामान निकाल देते हैं। काफी लोगों ने अपनी दुकान के सामने छज्जा निकाल लिया है। तीन साल पहले निगम ने ऐसे समान रखने वालों और दुकान से टीन-टप्पर का सज्जा निकालने वालों पर कार्रवाई की थी। उसके बाद अचानक इसमें ब्रेक लगा दिया गया है। तब से सेटिंग का खेल चल रहा है। कारोबारियों के हौसलें बुलंद हैं।

### सुपेला ओवरब्रिज के नीचे की सड़क से नहीं हटा मटेरियल

सुपेला ओवरब्रिज चौक से लेकर चंद्रा मौर्या टाकीज तक जगह-जगह गिट्टी व रेती डंप है। साल बीत गए हैं यह सिलसिला जारी है। लोगों ने बताया कि पार्षदों ने कई बार इस मुद्दे का उठाया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा लोगों के दुपहिया वाहन अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं। सामने से यदि वाहन आ रहा है तो सड़क साइड से भी पार नहीं कर सकते। जब तक एक वाहन पार नहीं हो जाता दूसरा वाहन आगे नहीं जा सकता।

## शास्त्री नगर वार्ड 27 में जर्जर सड़कें, न हो रही मरम्मत, न निकल रहा समाधान

# खटाल के गोबर से नालियां हो रही जाम, बना रहता है दुर्घटनाओं का अंदेशा, लोग परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 27 शास्त्रीनगर जर्जर सड़कों, आवारा मवेशियों और अवैध खटाल के चलते समस्याओं का दंश झेल रहा है। यहां के रहवासी काफी परेशान हैं। शासकीय स्कूल के सामने बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को आने जाने में दिक्कतें होती हैं। सड़क पर बंधे मवेशियों के कारण आवागमन बाधित होता है और दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। क्षेत्रवासी स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

नगर निगम के जोन 2 अंतर्गत शास्त्रीनगर के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। यहां की जर्जर सड़कों, आवारा मवेशियों और आवासीय क्षेत्र में चल रहे अवैध खटालों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। यहां जगह-जगह आवारा मवेशियों का डेरा लगा रहता है। सबसे बड़ी समस्या शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के सामने की है। जहां खाली जमीन पर बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा रहता है। इससे स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## कभी बच्चों से गुलजार रहता था गार्डन, आज पड़ा है सुनसान



### खटालों पर कार्रवाई की मांग

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में कई खटाल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। दिन के समय यहां के मवेशियों को सड़कों पर बांध कर रखा जाता है, इससे रास्ता जाम होता है। गोबर को नालियों में बहा देने से नालियां जाम हो जाती हैं। लोगों का कहना है की निगम की टीम जब कार्रवाई करती है तो कुछ दिन स्थिति ठीक रहती है उसके बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। लोगों ने निगम प्रशासन से अवैध खटालों पर स्थाई कार्रवाई की मांग की है।

### तीन दर्शन मंदिर गार्डन बदहाल, संधारण और उन्नयन की जरूरत

तीन दर्शन मंदिर परिसर स्थित गार्डन की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। संधारण और नियमित देखरेख के अभाव में गार्डन का पूरा स्वरूप बदल गया है। जहां कभी बच्चे खेलते थे आज वही गार्डन वीरान पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गार्डन के लिए लगाए गए ओपन जिम और अन्य संसाधन अब काफी पुराने हो चुके हैं। कई उपकरण जर्जर हैं और इस्तेमाल लायक नहीं बचे। कभी यहां बच्चों की भीड़ लगी रहती थी, लेकिन अब मैदान सूना नजर आता है।



### अब तक बजट नहीं आया

तीन दर्शन गार्डन के लिए पिछले चार से लगातार निगम निगम से पत्राचार किया जा रहा है, अब तक बजट नहीं आया। साक्षरता चौक से बीएम शाह अस्पताल तक जाने वाली सड़क पर डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। आवासीय क्षेत्र में संचालित खटाल के लिए कई बार शिकायत की गई है। नगर निगम के कार्रवाई के बाद स्थिति जस का तस हो जाती है। ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। -**लक्ष्मीबाई साहू,** पार्षद वार्ड 27, शास्त्रीनगर भिलाई

### सड़क जर्जर, गड्ढों से गुजर रहे लोग

साक्षरता चौक से बीएम शाह अस्पताल तक जाने वाली सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क अस्पताल के लिए प्रमुख मार्ग है। मरीज, एम्बुलेंस और आम राहगीर इसी रास्ते से आवाजाही करते हैं, लेकिन खराब सड़क के कारण सफर जोखिम भरा हो गया है। कई जगहों पर गड्ढे इतने गहरे हैं कि दोपहिया वाहन चालकों को गिरने का खतरा बना रहता है।

# जेसीआई के नवगठित पदाधिकारियों ने ली शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नवीन नेतृत्व, सेवा भाव और संगठनात्मक संकल्प के साथ जेसीआई दुर्ग-भिलाई का 53वां शपथ ग्रहण व स्थापना समारोह लक्ष्याभिषेक 2026 का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर पर सत्र 2026 की नवगठित कार्यकारिणी टीम लक्ष्य ने संगठन के नियमों के अनुरूप अपने-अपने दायित्वों की शपथ ली। पंडित रविशंकर शुक्ल से अलंकृत मुख्य अतिथि जेसी राजेश अग्रवाल ने संस्था के मेंबर्स को प्रबंधन और मैनेजमेंट के टीम वर्क की सिख दी।

जेसी संतोष कुमार ने अध्यक्ष और जेसी तोरण अटल ने सचिव पद की शपथ ग्रहण की। इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद के लिए जेसी अमित शालिनी अग्रवाल, जेसी विवेक संघवी, जेसी हिमांशु देवांगन, जेसी अर्पित चांडक, जेसी अंकित मित्तल एवं जेसी जीएसएम वाम्सी ने अपने दायित्वों की शपथ ली। साथ ही सह-सचिव पद के लिए जेसी गुंजा पिंचा तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए जेसी रितेश पंडित ने भी शपथ ग्रहण की। महिला विंग में लेडी जेसी रानू कुमार ने चेयरपर्सन तथा लेडी जेसी स्वाति अटल ने सचिव पद का दायित्व संभाला। वहीं जूनियर जेसी विंग में जूनियर जेसी वनिशा अग्रवाल ने अध्यक्ष तथा जूनियर जेसी सक्षम सिन्हा ने सचिव पद की शपथ ली। संगठनात्मक दायित्वों के अंतर्गत ग्रीटर पद के लिए जेसी प्रांजल हरिहरनो तथा पीआरओ पद के लिए जेसी प्रखर ट्विंकल पारख ने भी अपने दायित्वों की शपथ ली। संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष 2025 जेसी आलोक अग्रवाल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीपीपी जेएफआर जेसी राजेश अग्रवाल, ज़ोन 27 के अध्यक्ष जेएफपी जेसी सीए प्रणव लाठ और ज़ोन 27 के उपाध्यक्ष जेफमएॅम जेसी आशीष गोयल उपस्थित रहे।

### प्रनय राखी महेश्वरी रहे मास्टर ऑफ सेरेमनी

कार्यक्रम के मास्टर ऑफ सेरेमनी पूर्व अध्यक्ष जेसी प्रनय राखी महेश्वरी रहे। संस्था के अध्यक्ष 2024 जेसी योगेश राठी ने अपनी फेयरवेल भाषण के साथ पूर्व अध्यक्षों की गैलेक्सी को ज्वाइन किया। संगठन के आधार स्तंभों एवं पूर्व अध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति ने संस्था की सुदृढ़ विरासत को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संचालन में जेसी गीत पुरोहित की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में लेडी जेसी नीतू बंसल, आयुषी पुरोहित एवं रोशनी जसूजा ने समारोह को अनुशासित और प्रभावशाली ढंग से संपन्न कराने में अपनी भूमिका

# 5 दिवसीय जूजुत्सु नेशनल चैंपियनशिप में दुर्ग शहर के 7 बच्चों ने जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर में 5 दिवसीय जूजुत्सु नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, प्रतियोगिता में कुल छत्तीसगढ़ से

- उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुआ आयोजन

90 प्रतिभागी ने भाग लिया। जिसमें दुर्ग शहर से सात बच्चों ने जूजुत्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेकर चार ब्रांच मेडल 1 सिल्वर मैडम प्राप्त किए। काव्या विश्वकर्मा अंडर 16 वेट कैटेगरी फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं रुचिका देवांगन ने अंडर 12 वेट कैटिगरी में फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में भी ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। अमन चंदेल ने अंडर 17 में नेवाजा में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। इस तरह दुर्ग जिला को कुल 4 ब्रॉन्ज मेडल 1 सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। दुर्ग जिला की इस उपलब्धि पर दुर्ग विधायक एवं छत्तीसगढ़ शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर सभी बच्चों को मेडल सर्टिफिकेट पहनाकर सम्मानित किया गया। जूजुत्सु एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के जिला सेक्रेटरी देवा साहू ने बताया कि यहां बच्चे पिछले 3 वर्षों से हनुमान नगर वार्ड नंबर 21 एवं वार्ड नंबर 11 आशीष इन्फोटेक में सुबह शाम मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेते हैं जूजुत्सु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राणा अजय सिंह वार्ड नंबर 11 के पार्षद आशीष चंद्राकर पटरी पर मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, वार्ड नंबर 21 के पार्षद विद्यावती सिंग, संजय साहू, अरुण सिंह ने बधाई दी।

# सेवा ने दी अध्यक्ष संदीप माथुर को भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेवा गर्वनिंग के द्वारा संस्था के अध्यक्ष और भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक पर्सनल एचआर संदीप माथुर के दीर्घ सेवाकाल के बाद रिटायर होने पर भावभीनी विदायी दी गई। श्री माथुर ने अपने तीन साल के कार्यकाल में सेवा संगठन से मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का हार्दिक आभार जताया। पदाधिकारियों ने भी कहा कि श्री माथुर के कार्यकाल में बीएसपी के साथ सेवा के सामाजिक सरोकार की परंपरा बहुत अधिक समृद्ध हुई। इसका लाभ सभी सदस्यों मिला। इस अवसर पर इस्पात कर्मचारी क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी भिलाई के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा सहित मनीष पंत, संजय द्विवेदी, समीर गुप्ता, कृष्णानंद राय, राजेश चौहान, मुकल वर्मा, शैलजा आदि सेवा के पदाधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक चन्द्राकर ने जंजगीरी में 75 लाख रुपए के नवीन विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



विधायक ललित चन्द्राकर ने जंजगीरी में 75 लाख रुपए के नवीन विकास कार्यों की सौगात दी है। जंजगीरी में आयोजित लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर

- 15 लाख रुपए की लागत से बनेगा मांगलिक भवन

विधायक ललित चंद्राकर ने नवीन विकास कार्यों की आधार शीला रखी। इसके अंतर्गत 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित डोमशेड का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

वहीं भूमि पूजन कार्यक्रम अंतर्गत मांगलिक भवन निर्माण कार्य सतनाम पारा अनुमानित लागत राशि 15 लाख रुपए, नकटा तालाब से मुक्ति धाम तक सीसी रोड निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 5 लाख रुपए, मोहन साहू के खेत से मनरेगा भवन तक नाली निर्माण अनुमानित लागत राशि 20 लाख, रामशरण के खेत के पास पुलिया निर्माण अनुमानित लागत राशि 11 लाख रुपए और श्रवण धर से लाभू घर तक नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 5 लाख 50 हजार रुपए की पूजा अर्चना कर आधारशीला रखी।इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारी सरकार लगातार लोगों के जीवन के खुशियां लाने का काम कर रही और अन्तिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास कैसे पहुंचे इस दिशा में निरन्तर कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है। गांव के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी। इस अवसर पर जिपं. सदस्य श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य व सभापति लोमस चंद्राकर, सरपंच गीता ठाकुर, लीकेश्वर देशमुख, डीलेश्वर साहू, पुराण देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# लंबी सेवायात्रा को किया गया सम्मानित दुर्ग नगर निगम में कर्मियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का बिदाई समारोह आयुक्त सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक शिक्षिका विश्वमोहनी देवांगन, सहायक राजस्व निरीक्षक सुरेश श्रीवास्तव और सफाई कामगार मुखिया बाई के सेवानिवृत्त होने पर पुष्पमाला, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि सेवा के दौरान किस प्रकार से हम अपनी दिनचर्या पर व्यस्त रहते है अब सेवाकाल की लम्बी अवधि का अनुभव का उपयोग शेष समय समाज के उत्थान के लिये करें सेवाकाल के दौरान सामाजिक, पारिवारिक दायित्व जिनमें सहभागिता नहीं की गई उसे अब आप निश्चिंत होकर पूर्ण करें। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके शानदार करियर और नई शुरुआत के लिए बधाई दी। सभापति श्याम शर्मा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा, समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी है, उनके योगदान की सराहना की है और उन्हें भविष्य के लिए सुख, स्वास्थ्य और खुशियों से भरी नई पारी की शुभकामनाएं दी हैं,जिसमें उन्हें अपने सपनों को पूरा करने और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, देव नारायण चंद्राकर, मनीष साहू, लीलाधर पाल,नीलेश अग्रवाल, संजय कोहले,पार्षद गुलशन साहू आदि मौजूद थे।

## सब स्टेशन में लगाया 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर

# 6 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी ट्रिपिंग से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास

- 99.92 लाख रुपए रुपए की लागत से कार्य पूर्ण

योजना के तहत सुपेला जोन के अंतर्गत 33/11 केव्ही प्रियदर्शिनी परिसर सब-स्टेशन में 5 एमवीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर, वहां के रहवासियों को नये वर्ष की सौगात दी है। इस नए ट्रांसफार्मर के चार्ज होने से उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी।



प्रियदर्शिनी परिसर सब-स्टेशन में इस कार्य को 99 लाख 92 हजार रुपए की लागत से पूर्ण किया गया। प्रियदर्शिनी परिसर सब-स्टेशन में पहले से ही 5 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर कार्य कर रहे थे। अब तीसरे ट्रांसफार्मर की स्थापना के बाद सब-स्टेशन की कुल क्षमता बढ़कर 15 एमवीए हो गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ने से भिलाई के प्रमुख क्षेत्रों के निवासियों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### इन क्षेत्रों को होगा लाभ

नए ट्रांसफार्मर स्थापित करने से कई क्षेत्रों के लोगों को फायदा होगा। इससे मुख्य रुप से प्रियदर्शिनी परिसर, दक्षिण गंगोत्री, आकाश गंगा, संजय नगर, कोसा नगर, राधिका नगर, सुपेला तथा आसपास के क्षेत्रों के लगभग 6 हजार से अधिक उपभोक्ता इस नई स्थापना से सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्होंने इस कार्य को पूर्ण करने के लिए अधीक्षण अभियंता शहर वृत जे.जगन्नाथ प्रसाद, कार्यपालन अभियंता एसके रॉय, डीके भारती, नवीन कुमार राठी सहित पूरी टीम को बधाई दी है।

**शुभारंभ:** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में डिजिटल अपराधों पर सख्ती की दिशा में बड़ा कदम

# जिले के पहले साइबर थाना का गृहमंत्री विजय शर्मा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में कबीरधाम को बड़ी सौगात मिली है। पुराना पुलिस लाइन, कवर्धा में जिले के पहले साइबर थाना का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बीते रविवार को किया।

यह थाना ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया अपराध और अन्य डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में अहम भूमिका निभाएगा। उद्घाटन के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि डिजिटल लेनदेन, ऑनलाइन सेवाओं और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों में भी लगातार वृद्धि हो रही है, ऐसे अपराधों में शुरुआती समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। साइबर थाना के माध्यम से शिकायतों का तत्काल पंजीकरण, फ्रॉड की राशि को समय रहते होल्ड करना, डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से जमा करना और आरोपियों तक शीघ्र पहुंच संभव होगी। इससे आम लोगों में डिजिटल सुरक्षा को लेकर भरोसा और ज्यादा मजबूत होगा।

### साइबर थाना में 30 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति



एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि यह जिले का पहला साइबर थाना है, जिसमें एक निरीक्षक प्रभारी सहित कुल 30 प्रशिक्षित अधिकारी एवं कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। थाना के समुचित पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए उप पुलिस अधीक्षक स्तर के एक राजपत्रित अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे कार्यवाही की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।

### साइबर फ्रॉड में अब तक मिली सफलता

एसपी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद कबीरधाम पुलिस ने साइबर तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अब तक ऑनलाइन ठगी के 112 मामलों में लगभग 50 लाख रुपए पीड़ितों को वापस कराए गए हैं साथ ही सीईआईआर पोर्टल की मदद से 872 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर नागरिकों को लौटाए गए हैं।
साइबर थाना शुरू होने से जिले में साइबर अपराधों की शिकायतों का त्वरित निराकरण, बेहतर विवेचना, डिजिटल साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता में सुधार और महिलाओं, बच्चों व कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों में जल्द कार्रवाई संभव होगी। यह पहल सुरक्षित, भरोसेमंद और तकनीक-सक्षम डिजिटल कबीरधाम के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बाघुल में वैदिक विधि से गौ-यज्ञ संपन्न, बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण



**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत बाघुल में वैदिक परंपराओं के अनुरूप भव्य गौ-यज्ञ एवं गौ-रक्षा अनुष्ठान का आयोजन श्रद्धा एवं आस्था के साथ संपन्न हुआ। विशाल पंडाल में सुबह से ही महिलाएँ, ग्रामीणजन एवं भजन-कीर्तन मंडलियाँ बड़ी संख्या में एकत्रित होती रहीं। यज्ञ वेदी पर गौ-पूजन, आरती एवं प्रसाद अर्पण के साथ पूरा परिसर भक्ति-भाव से सराबोर रहा। आयोजन के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान ग्रामीण महिलाएँ शालीनता एवं अनुशासन के साथ अनुष्ठान में सहभागिता करती नजर आईं, वहीं संत-महात्माओं द्वारा निरंतर गौ-सेवा एवं संरक्षण का संदेश दिया जाता रहा। कार्यक्रम में नवागढ़ रामजानकी मंदिर के महंत सुरेन्द्रदास एवं धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन दिवाकरदास के आमंत्रण पर सम्पन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा गौ-संरक्षण केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक स्मृति और ग्रामीण समाज की जीवन-पद्धति का मूल आधार है।वहीं महंत सुरेन्द्रदास जी ने कहा जब गाँव धर्म, सेवा और संस्कारों से जुड़ता है, तब समाज सशक्त बनता है और हमारी परंपराएँ सुरक्षित रहती हैं।" इस अवसर पर ग्रामीणों ने संतों के सान्निध्य में गौ-सेवा, ग्राम सहयोग एवं सांस्कृतिक संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। माता कर्मा की भव्य प्रतिमा एवं कृष्ण मंदिर बनेगा।

### माता कर्मा की 65 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा होगी स्थापित

सांस्कृतिक धरोहर यज्ञ उपरांत आयोजित चर्चा में महंत सुरेन्द्रदास जी एवं डॉ. सौरव निर्वाणी ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बाघुल में कृष्ण भक्त माता कर्मा जी की 65 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही कृष्ण मंदिर का भी निर्माण कराया जाएगा। डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि "माता कर्मा जी की कृष्ण भक्ति और जनजातीय समाज से जुड़ी आध्यात्मिक परंपरा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र बने, यही हमारा उद्देश्य है। इस घोषणा का ग्रामीणों ने तालियों के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय खगोल विज्ञान कार्यशाला आज से

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर, दलदल सिवनी, सड्डु रायपुर द्वारा अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से आम जनमानस एवं समाज में वैज्ञानिक अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रानी दुर्गावती चैक, कवर्धा में 06 एवं 07 जनवरी 2026 को दो दिवसीय खगोल विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के अंतर्गत दोनों दिवस नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन कार्यक्रम का आयोजन सायं 6 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं आम नागरिक भाग लेकर खगोल विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक सोच को विकसित कर सकते हैं।

### विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी

**कवर्धा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति ली जा रही है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रतिदिन प्राप्त दावा आपत्तियों की जानकारी देते हुए बताया कि 05 जनवरी की स्थिति में प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन पहले प्राप्त फार्म 6- जोड़ने के लिए 2409, फार्म 07- हटाने के लिए 497 तथा प्रकाशन के बाद मतदाताओं से सीधे प्राप्त दावे और आपत्तियां 1079 आवेदन प्राप्त हुए थे।

# भाजपा शासनकाल में भी नलजल योजना का हाल बेहाल

## गांवों में अब भी शोपीस की तरह खड़ी लाखों की पानी टंकियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

कांग्रेस शासन काल के दौरान भाजपा का आरोप था कि कांग्रेस सरकार केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी नलजल योजना में भारी भ्रष्टाचार कर लोगों के हक का पानी छीन रही है। जिसके चलते लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद न सिर्फ इस योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन होगा बल्कि कांग्रेस शासनकाल में इस योजना का मटियामेट करने वालों के खिलाफ भाजपा सरकार चुन-चुनकर कार्यवाही करेगी। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के करीब दो साल से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी न तो योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो पा रहा है न ही योजना का मटियामेट करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही की जा रही है। जमीनी हकीकत ये है कि जल जीवन मिशन की जो स्थिति कांग्रेस शासन काल में थी वहीं स्थिति भाजपा शासन काल में दिखाई दे रही है। आज भी जिले के कई ग्रामों में लाखो रूपए की लागत से निर्मित कराई गई पानी टंकी और पाईप लाईन प्यासों को मुंह चिड़ा रही है। न तो पानी टंकी में पानी भर रहा है और न ही घर-घर लगाए गए नल पानी उगल रहे हैं। इसकी एक बानगी विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत घोरपेंड्री के आश्रित ग्राम बसनी में देखी जा सकती है। जहां लाखों रुपए की लागत से निर्मित पानी टंकी सिर्फ शोपीस बनकर रह गई है। इसी तरह स्थानीय हाई स्कूल के सामने हैंडपंप पर सौर ऊर्जा चलित सिंटेक्स लगा हुआ है वह भी सो पीस की तरह खड़ा बस है। इससे न तो एक बूंद पानी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा और न ही कोई काम करता दिखाई दे रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि नल जल योजना की यह स्थिति सिर्फ ग्राम बसनी भर की नहीं है बल्कि विकासखण्ड पंडरिया, बोड़ला, स. लोहारा से लेकर कवर्धा के दर्जनों वनांचल और मैदानी गांवों की कमोबेस यही स्थिति है। ऐसे में लोगों का मामना है कि अगर शासन प्रशासन तथा संबंधित विभाग ने इसे दुरूस्थ नहीं कराया तो आने वाले ग्रीष्म ऋतु में लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या झेलनी पड़ सकती है।

### नवधा रामायण का दूसरा दिन

**साजा।** शहर में चल रहे चार दिवसीय अखंड नवधा रामायण के दूसरे दिन अनेक मंडलियों ने रामचरितमानस पर व्याख्यान दिए, जिनमें बाल मित्र मानस परिवार अकलवार ग्राम अकलवारा देवकर, जय सारदा मानस मंडली चिजगांव थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा, राधिका से प्रेम मानस परिवार ग्राम थिमपुरी (बाजार अतरिया) जिला खैरागढ़, हरि किशन मानस मंडली चंदारपुरी बिलासपुर, जागृति मानस परिवार शांति नगर कुम्हारी जिला दुर्ग, जय माँ कर्मा मानस मंडली भेंडरवानी, कबीर सत्संग मानस मंडली भनोरा देर रात तक नगर वासी नवधा का आनंद लें रहै आयोजन समिति की ओर से मंडलियों को सम्मानित किया जा रहा है।






# दुल्लापुर में 20 एकड़ का पैरावट जलकर खाक

- क्षेत्र में नहीं थम रही पैरावट में आग लगने की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में अज्ञात कारणों से खेत, खलिहानो में रखे धान पैरावट में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।



क्षेत्र में धान कटाई के बाद से लेकर अब तक करीब दो दर्जन अग्नि दुर्घटनाओं व आगजनी के बीच सोमवार को एक बार फिर विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम दुल्लापुर में पैरावट में आग लगने की घटना सामने आई है। जिसमें करीब पांच स्थानो में रखे धान पैरा तथा धान खरही जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि इस अग्नि दुर्घटना से स्थानीय किसान परमेश्वर, सुशील चंद्रवंशी, रामानुज प्रकाश, सुशील, शुकदेव चंद्रवंशी को खासा नुकसान उठाना पड़ गया।

अभी तक पैरावट व धान खरही में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस क्षेत्र में बीते कई दिनो से खेत खलिहानो में रखे धान पैरावट में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होने इस तरह एक के बाद एक हो रही अग्नि दुर्घटना की शिकायत कुण्डा थाना तथा दामापुर पुलिस चौकी में भी की है क्योंकि उन्हें आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति जानबूझकर पैरावट में आग लगा रहा है लेकिन अभी तक पुलिस मामले को सुलझा नहीं पाई है।

# नगर में लायंस क्लब महासमुंद का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर के लायंस क्लब की उपलब्धियों में एक नया अध्याय तब जुड़ गया, जब अध्यक्ष एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल के प्रयत्नों से 3 जनवरी शनिवार को लायंस क्लब महासमुंद का विधिवत शुभारंभ किया गया।

महासमुंद के एक हाल में नए क्लब का चार्टर व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। रीजन चेयरपर्सन लायन शांतिलाल शर्मा ने महासमुंद क्लब के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शंकर पांडे, कोषाध्यक्ष मूलचंद लड्ढा सहित 23 सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रिपुदमन सिंह पुसरी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन बसंत मिश्रा, जीईटी कोऑर्डिनेटर अनिल अग्रवाल व जोन चेयरपर्सन लायन राकेश अग्रवाल थे। अध्यक्षता लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने की। सभा का संचालन लायन नीरज मनजीत ने किया।

## चौपाटी संचालन के लिए नोटिस जारी कर दी गई समझाइश

**पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई के वार्ड क्रमांक 05 मुख्य मार्ग पर मार्गों पर लगने वाले ठेले एवं फास्टफूड दुकानों को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से पूर्व में चैपाटी का निर्माण कराया गया था। विगत वर्षों में राष्ट्रीय, राज्य मार्ग के निर्माण कार्य प्रगति पर होने तथा मार्ग की चैड़ाई बढ़ाए जाने के कारण नगर पंचायत द्वारा निर्मित चैपाटी का पहुंच मार्ग बाधित हो गया था, जिसके चलते चैपाटी का संचालन प्रारंभ नहीं किया जा सका। सीएमओ अभिषेक सिंह ने बताया कि वर्तमान में मुख्य मार्ग पर ठेले लगाकर व्यवसाय करने वाले कुल 11 दुकानदारों को नगर पंचायत द्वारा दिनांक 02 जनवरी को नोटिस जारी कर निर्धारित स्थल पर दुकान लगाने हेतु समझाइश दी गई। इस पर सभी दुकानदारों द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए 05 जनवरी से नगर पंचायत द्वारा निर्मित चैपाटी स्थल पर दुकान लगाने की सहमति प्रदान की गई है।

## पेज 9 का शेष

### परपोड़ी में एसआईआर कार्य अंतिम चरण ...

ऐसे नाम हटा दिए गए 2026 की मतदाता सूची से मृत, अन्यत्र विवाहित महिला, मतदाता सूची में दो जगह नाम में होने पर एक स्थान के नाम को विलोपित कर दिया गया। एसआईआर की सुनवाई में एईआरओ के रूप में सीएमओ विनीत सिंह, सुपरवाइजर के रूप में पटवारी विष्णु बर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सी सूची में शामिल मतदाता एवं बड़ी संख्या में नगर पंचायत परपोड़ी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**ग्रामीणों ने लगाया आरोप, सहसपुर-बड़ौदा बांध में खप रहा बिना रॉयल्टी का पत्थर**

# बचेड़ी होकर गुजर रहे ओवरलोड ट्रक, पीएमजीएसवाई सड़क बर्बादी की कगार पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

तालपुर गिट्टी खदान से हो रहा अवैध खनन अब पूरी तरह बेकाबू हो चुका है। बिना रॉयल्टी और बिना वैध दस्तावेजों के निकाले जा रहे बड़े-बड़े पत्थरों की ढुलाई के लिए ग्राम बचेड़ी को मुख्य ट्रांजिट रूट बना दिया गया है।

रोजाना भारी और जरूरत से ज्यादा ओवरलोड ट्रक बचेड़ी गांव से होकर सहसपुर की ओर बेखौफ गुजर रहे हैं, लेकिन खनिज विभाग अब तक मौन साधे बैठा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ट्रक ड्राइवरों ने खुद यह कबूल किया है कि पत्थर बिना रॉयल्टी के ले जाया जा रहा है और यह सामग्री सहसपुर-बड़ौदा क्षेत्र में बन रहे बांध के निर्माण कार्य में खपाई जा रही है। सवाल उठता है कि सरकारी या अर्द्ध-सरकारी निर्माण कार्यों में अवैध खनन का माल आखिर किसके संरक्षण में उपयोग किया जा रहा है?

ग्राम बचेड़ी से गुजरने वाले इन ओवरलोड ट्रकों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। सड़क पर गहरे गड्ढे, दरारें और धंसान साफ दिखाई दे रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद खनिज विभाग, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने आंख मूंदे रखी, जिससे यह संदेह और गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं विभागीय मिलीभगत से ही यह अवैध पत्थर परिवहन फल-फूल रहा है। ग्रामीणों ने उठाए सवाल इन हालातों में ग्रामीणों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं ग्राम बचेड़ी से रोज गुजर रहे ओवरलोड ट्रकों की जानकारी खनिज विभाग को नहीं है, यह कैसे संभव है? बिना रॉयल्टी इतने बड़े पैमाने पर पत्थर ढुलाई की अनुमति किसने दी?

सड़क टूटने और राजस्व हानि की जिम्मेदारी कौन लेगा? ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते इस अवैध खनन और ढुलाई पर रोक नहीं लगाई गई, तो ग्राम बचेड़ी की सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी और शासन को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा और इसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। अब ग्रामीणों की मांग है कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना रॉयल्टी परिवहन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में सम्मानित होंगी लखपति दीदी-लता साहू

- टेंट-कैटरिंग व्यवसाय शुरू कर पेश की आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आ जी वि का मिशन अंतर्गत बिहान योजना आज जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव की सशक्त मिसाल बन चुकी है। इसी योजना से जुड़कर कबीरधाम जिले के ग्राम सेमो की लता साहू ने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और महिला स्व-सहायता समूह की ताकत से सफलता की प्रेरक कहानी लिखी है। लता साहू की आर्थिक स्थिति पहले सामान्य थी।

सीमित आय के कारण परिवार की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन हो जाता था। ऐसे समय में उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया, जो उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल बचत की आदत पड़ी, बल्कि समूह के माध्यम से आजीविका ऋण भी प्राप्त हुआ। इस ऋण राशि का सदुपयोग करते हुए लता साहू ने टेंट एवं कैटरिंग व्यवसाय की शुरुआत की। प्रारंभ में छोटे स्तर पर शुरू किया गया यह व्यवसाय धीरे-धीरे उनकी आय का स्थायी और मजबूत साधन बन गया। समय पर कार्य, गुणवत्ता और निरंतर मेहनत के बल पर उनका व्यवसाय लगातार आगे बढ़ता गया, जिससे उनकी मासिक एवं वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आज लता साहू "लखपति दीदी" के रूप में पहचानी जाती हैं। वे न केवल स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं, बल्कि अपने परिवार की जरूरतों को आत्मसम्मान के साथ पूरा करने में भी सक्षम बनी हैं। लता साहू की सफलता ने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है।

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन 12 को

**पटेवा।** ग्राम के रामायण ग्राऊंड में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन समिति मंडल पटेवा, घुमका, भैंसातरा के तत्वावधान में आगामी 12 जनवरी को किया गया है। हिन्दू सम्मेलन में अभय बाजपेयी, सीएमएचओ डॉ.नेतराम नवरतन, विजय साहेब इरईकला इन्दुमती मिश्रा अपने विचार रखेंगी। आयोजक समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### शैल ने योगासन में दिखाया दम

**अं. चौकी।** छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ एवं योग लंगर समिति भिलाई के तत्वावधान में छठवां राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर दो सेक्टर 6 भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए शैली तिवारी ने 28 से 55 आयु वर्ग में भाग लेकर कांस्य पदक हासिल किया। शैल तिवारी महिला एवं बाल विकास विभाग अंबागढ़ चौकी में पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत है। वह पतंजलि योग समिति से जुड़ी है। वह नियमित योग क्लास में शामिल होती है। इस उपलब्धि पर तहसील योग समिति के अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा, जिला योग समिति के अध्यक्ष अशोक वर्मा, अशोक साहू, डॉ रंजन साहू, घनाराम साव, रामेंद्र तिवारी, डीके रामसर, संपतलाल छेदैया, बल्दूराम यादव, ममता देवांगन, पार्षद दिलीप कुंभकार, आशीष कसार, सोमदत्त साहू, भरतलाल निकोड़े, विजय पांडे ने बधाई दी है।

### साहित्यकारों ने सुनाया संस्मरण

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्य धारा ने वीरेंद्र तिवारी के संयोजन में नव वर्ष मिलन समारोह अंतर्गत रविवार को परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। परिचर्चा में बस्तर साहित्यिक भ्रमण के यात्रियों में से रोहित तारम ने विषय प्रवर्तन किया। वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश्वर मिश्रा और महेंद्र बघेल ने सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यवसायिक, भौगोलिक एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण पर व्यापक चर्चा करते हुए यात्रा संस्मरण सुनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ गजेंद्र हरिहारनो ने सभी रचनाकारों की कृतियों पर समीक्षात्मक चर्चा की बात कही। मुख्य अतिथि राजेंद्र ठाकुर और विशेष अतिथि डॉ छोटे लाल साहू ने भी बस्तर पर अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में गोवर्धन परतेती, अनिल कसेर, कन्हैयालाल मेश्राम, डॉ माधवी गणवीर, रोहिणी पटेल और अलख राम यादव ने काव्य पाठ किया। वीरेंद्र तिवारी और महेंद्र बघेल ने संयुक्त रूप से संचालन किया।

### लोगों ने मनायी शाकंभरी जयंती

**डोंगरगढ़।** कोसरिया मरार समाज डोंगरगढ़ राज नक माँ शाकम्बरी जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाला, जिसमे समाज के वरिष्ठ एवं अन्य शामिल हुए। शोभायात्रा समाजिक धर्मशाला से आरंभ होकर भंडारी चाल, जयस्तंभ चौक, गोलबाजार होते हुए वापस धर्मशाला पहुंची। कार्यक्रम में रोहित पटेल, कमलेश पटेल, राजकुमार पटेल, शिवम पटेल, राजा पटेल, गोलू पटेल, हरीश पटेल, सोमू पटेल, कीर्तन पटेल सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# मनरेगा श्रमिकों को स्वरोजगार और व्यावहारिक कौशल में किया गया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

## प्रोजेक्ट 'उन्नति' के तहत 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण का सफल समापन



जिले में प्रोजेक्ट 'उन्नति' के अंतर्गत मनरेगा में चिन्हित श्रमिकों के लिए आयोजित 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। प्रशिक्षण 6 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक विकासखंड बेरला के 25 ग्रामीण श्रमिकों के लिए आयोजित किया गया। इन श्रमिकों ने पिछले वित्तीय वर्ष में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत न्यूनतम 60 दिन कार्य किया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला एवं कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कश्यप द्वारा चयनित प्रतिभागियों को राजमिस्त्री कार्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ स्वरोजगार, बैंकिंग प्रक्रियाएं, ऋण व्यवस्था, उद्यमिता, समय प्रबंधन और बिजनेस प्लान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी भी दी गई। समापन कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, बेमेतरा शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक और अग्रणी बैंक प्रबंधक की गरिमामय उपस्थिति में प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संस्थान निदेशक कृष्णा चौधरी ने बताया कि यह संस्थान जिले में बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान में ब्यूटीशियन, मोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, कृत्रिम ज्वेलरी निर्माण समेत 65 से अधिक व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा सकते हैं।

### प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों से लाभार्थियों तक तेजी से पहुंचेगी आवास योजना

सहायक प्रशिक्षक प्रतीक साहेब ने कहा कि प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों की दक्षता से प्रधानमंत्री के सबके लिए आवास योजना को तेजी से लाभार्थियों तक पहुँचाया जा सकेगा। विजय, श्यामा चरण, ओमप्रकाश, बलराम सहित अन्य प्रतिभागियों ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें तकनीकी और व्यवहारिक दोनों प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिससे उनका भविष्य बेहतर होगा। प्रशिक्षण का मूल्यांकन नेशनल एकेडमी ऑफ रूडसेटी, बैंगलोर द्वारा किया गया। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## शिक्षा, समाज सेवा और नवाचार के माध्यम से संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प

# लक्ष्य जिला इकाई बेमेतरा का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- शिक्षा, समाज सेवा और नवाचार के माध्यम से संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प

लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एंड इंटेलेक्चुअल्स एसोसिएशन (लक्ष्य–पंजीकृत) जिला इकाई बेमेतरा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं नववर्ष मिलन समारोह समाधान महाविद्यालय, बेमेतरा में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन को शिक्षा, समाज सेवा और नवाचार के माध्यम से सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि लक्ष्य के प्रदेश अध्यक्ष चैन दास जंघेल रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि लक्ष्य केवल एक सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि समाज के शैक्षणिक उत्थान, बौद्धिक विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की सशक्त मंच है। उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, समर्पण और निरंतर सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। शपथ ग्रहण के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी तीन वर्षों में लक्ष्य बेमेतरा को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में एक सशक्त इकाई के रूप में विकसित किया जाएगा। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के लिए तन-मन-धन से योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई। सम्मेलन में वर्ष 2026 की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। तय किया गया कि समाज के मेधावी विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाजसेवियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शैक्षणिक गतिविधियों के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कैरियर गाइडेंस एवं मेमोरी डेवलपमेंट सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं समाज के स्वास्थ्य सरोकारों को ध्यान में रखते हुए थान खम्हरिया (साजा) में लक्ष्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के अनुभवी चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम के पश्चात सदस्यों ने सृष्टि उद्योग में संचालित बांस आधारित नवाचार उद्योग का अवलोकन कर स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इसके बाद सभी सदस्य मानव तीर्थ संस्थान, किरितपुर पहुँचे, जहाँ अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश जंघेल ने बताया कि लक्ष्य संगठन समाज के अंतिम पंक्ति तक शिक्षा पहुँचाने के उद्देश्य से लगातार कार्य कर रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम नवोदय विद्यालय की निःशुल्क तैयारियों में चयनित विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के रूप में सामने आ रहा है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. अवधेश पटेल ने की। इस अवसर पर संरक्षक एवं संगठन मंत्री किशोर वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष नरेश कुमार बघेल, सचिव हिमांचल वर्मा, संगठन मंत्री डोगेंद्र वर्मा, सह सचिव रमेश कुमार वर्मा, संयोजक भोला राम वर्मा, महिला प्रभारी गिरिजा पटेल, जिला संरक्षक लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा, अधिवक्ता वीर वर्मा सहित प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में कुल 12,339 नो–मैपिंग मतदाताओं को नोटिस
- दस्तावेज प्रस्तुत कर सुनवाई में उपस्थित होना अनिवार्य

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों साजा (68), बेमेतरा (69) और नवागढ़ (70) में कुल 12,339 नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। मतदाताओं को अंतिम निर्वाचक नामावली में अपना नाम बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर सुनवाई में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

जिला प्रशासन के अनुसार, बीएलओ द्वारा किए गए घर-घर सर्वेक्षण और मतदाताओं द्वारा जमा किए गए गणना पत्रकों के परीक्षण के बाद कुल 7,16,635 मतदाताओं के नाम प्रारंभिक सूची में शामिल किए गए हैं। इनमें से नो-मैपिंग श्रेणी के मतदाता साजा में 2,808, बेमेतरा में 3,715 और नवागढ़ में 5,816 वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपने या माता/पिता के नाम का समर्थन करने वाले आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं। नो-मैपिंग मतदाताओं के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में आयोग द्वारा निर्धारित 13 प्रकार के दस्तावेजों में से उपलब्ध दस्तावेज साथ लाने और सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश शामिल हैं। सुनवाई के दौरान दस्तावेजों की प्रमाणिकता की जांच की जाएगी दावा-आपत्ति प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 03 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 14 सहायक और 21 अतिरिक्त सहायक अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही, 01 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए एवं छूटे हुए मतदाताओं से फॉर्म-6 प्राप्त करने का कार्य मतदान केंद्रों में जारी है, अब तक 901 फॉर्म-6 जमा किए जा चुके हैं। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया 22 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुनवाई में उपस्थित होकर अपनी पात्रता सुनिश्चित करें, ताकि अंतिम निर्वाचक नामावली में उनका नाम सम्मिलित रह सके।

# भिभौरी जोन में प्राथमिक शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण का प्रारंभ



**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड के भिभौरी जोन में प्राथमिक शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रथम चरण का 5 दिवसीय प्रशिक्षण आज से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रातः 10 बजे माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिभौरी जोन की प्राचार्य गुरविंदर कौर, खुड़मुडा. प्राचार्य बी.पी. साहू एवं महेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। भिभौरी जोन की प्राचार्य गुरविंदर कौर ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कर बच्चों के हित में उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।जोन व्यवस्था प्रभारी श्यामलाल साहू ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं एवं रूपरेखा की जानकारी दी, वहीं प्रशिक्षण प्रभारी मनोज वर्मा ने प्रशिक्षण की भूमिका स्पष्ट करते हुए समय पर उपस्थिति, नियमित सहभागिता तथा चर्चा– परिचर्चा के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक बनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनर जोगीराम वर्मा ने परिचय सत्र को गतिविधि आधारित तरीके से प्रस्तुत कर प्रशिक्षण को रोचक बनाया। मास्टर ट्रेनर गोवर्धन ने भाषा शिक्षण के चार ब्लॉक एवं संतुलित भाषा शिक्षण पर प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया। शिक्षक शाहिद द्वारा पाठ्यपुस्तक एवं अभ्यास पुस्तिका पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका एवं प्रभारी प्रधान पाठिका केवरा सेन ने कमजोर विद्यार्थियों को पियर लर्निंग एवं गली मित्र के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से जोड़ने की उपयोगी जानकारी साझा की। इस अवसर पर समस्त सीएसी सुरेन्द्र देवदास, संतोष ध्रुव, राजराजेश्वर राजा, उत्तम साहू, सुरेश चंद्राकर, जागृत दास बारले सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### नववर्ष पर सम्मान...

**बेमेतरा।** नववर्ष 2026 के अवसर पर हरिभूमि ब्यूरो चीफ अमीन पप्पू रवानी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भापुसे) को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए। इस दौरान एसपी साहू ने हरिभूमि समाचार पत्र की सटीक, स्वच्छ एवं सकारात्मक पत्रकारिता की सराहना की।




# चक्रवाय धाम में हुआ पंच दिवसीय संत समागम व गुरुघासीदास जयंती मेला

## समापन समारोह में खाद्यमंत्री दयालदास बघेल रहे मुख्य अतिथि

- समाज को एकजुट रहने व शिक्षा पर जोर देने का दिया संदेश

**नांदघाट।** चक्रवाय धाम में पंच दिवसीय संत समागम एवं गुरुघासी दास जयंती मेला भव्यता पूर्वक संपन्न समापन समारोह में मुख्य अतिथि रहे खाद्यमंत्री दयालदास बघेल अध्यक्षता भाजपा अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े ने की।

अपने अध्यक्षीय उद्बोहन में डॉ. जांगड़े ने समाज के लिए अजा विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री के रूप में दयालदास बघेल के लंबे सेवाकाल में समाज के लिए उनके योगदान को उद्धृत करते हुए समाज का जागृत प्रहरी बताया और गुरुजी की तपस्थली के आधारभूत संरचना विकास, कुतुबमिनार से ऊंचे जैतखाम निर्माण में उल्लेखनीय सहभागिता की प्रशंसा करते हुए संपूर्ण छत्तीसगढ़ में समाज का बड़ा सेवक जिसके चिंतन मार्गदर्शन में गांव गांव में गली गली में अभूतपूर्व अधोसंरचनात्मक प्रगती का सुत्रधार बताया । मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ने विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए समाज के कल्याण के लिए सबको एक सुत्र में समाहित हो समय के साथ चलने, गुरुघासी दास बाबाजी के उपदेशों को अपने जीवन में उतार कर सबके साथ मानव मानव एक समान जैसी कालजयी समता सुत्र के प्रतिपादक बाबाजी के सिद्धांतो को आत्मसात करते हुए देश प्रदेश समाज की चुनौतियों का चिंतन करते हुए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने कहते हुए सरकार की हर योजना से समाज को लाभ मिलने की बात कही। उन्होंने चक्रवाय धाम के संस्थापक समाज के कद्दावर नेता अविभाजित मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के प्रथम मंत्रीमंडल में कैबिनेट मंत्री रहे स्व डेरहू प्रसाद घृतलहरे के अविस्मरणीय योगदान का स्मरण करते हुए मंच से श्रद्धांजली अर्पित किया।

### विकास कार्यों की हुई घोषणा

खाद्य मंत्री ने चक्रवाय में लगभग ५० लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया तथा 12 लाख रुपए के लागत से बन रहे सामुदायिक भवन की आधारशिला रखने के साथ ही दस लाख रुपए विकास कार्य हेतु तथा 1 लाख रु मेला समिति के लिए देने की घोषणा की। क्षेत्र में सतनामी समाज का सबसे बड़ा समागम और पांच दशक में विशाल स्वरूप ग्रहण कर चुके चक्रवाय धाम में संपन्न हुवा। इस मेले में देश भर से सतनामी समाज के संतो महंतो श्रद्धालुओं का विशाल एकत्रीकरण होता है। समाज के संत शिरोमणी गुरु घासीदास के भव्य मंदिर में लाखों श्रद्धालु गण अपनी आस्था और श्रद्धा से नारियल चढ़ाते हैं। अटूट श्रद्धा सामाजिक सम्मेलन के क्षेत्र में सतनामी समाज का यह आयोजन प्रदेशभर में गिरौदपुरी के बाद दूसरे स्थान पर आता है। जहां इतने बड़े स्तर में जयंती कार्यक्रम होता है। कार्यकम में जिला पंचायत सभापति अंजय बघेल बेमेतरा जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर नवागढ़ जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा साहु जिला सरपंच संघ अध्यक्ष लालन यादव जनपद उपाध्यक्ष माया बारले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडवानी पंथी गायिका पद्मश्री उषा बारले मारो नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे नवागढ़ नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष मंजुलता रात्रे सरपंच सुनिता बघेल चक्रवाय मेला समिति अध्यक्ष हेमंत बघेल पूर्व जिला महामंत्री टार्जन साहु जागेश्वर सिंह जनवद सदस्य संतोष साहु राजेश साहु लुकेश वर्मा विजय वर्मा बृहनल जांगड़े रमन बघेल समेत क्षेत्र भर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

मंगलमय कलश यात्रा के साथ ग्राम अकलवारा में नौ दिवसीय भागवत

# कथा श्रवण व आयोजन का सौभाग्य बड़े पुण्य से प्राप्त होता है: आचार्य बिरेंद्र चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम अकलवारा में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ रविवार को श्रद्धा भक्ति और भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। पूरे गांव में भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ कथावाचक आचार्य बिरेंद्र चतुर्वेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन-अर्चना कर किया गया। प्रथम दिवस की कथा में आचार्य चतुर्वेदी ने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा को सुनने और आयोजन करने का सौभाग्य बड़े पुण्य के फलस्वरूप प्राप्त होता है। कथा श्रवण मात्र से जीवन में भक्ति का संचार होता है और मानव पुण्य कर्मों की ओर अग्रसर होता है। भागवत महापुराण जीव को आध्यात्मिकता एवं सद्मार्ग की ओर ले जाने वाला अनुपम ग्रंथ है। जिस स्थान पर भागवत कथा का आयोजन होता है, वह स्थान तीर्थ के समान पावन हो जाता है। प्रथम दिवस गौकरण प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

**कलश यात्रा में ग्रामवासियों ने की उत्साहपूर्ण सहभागिता :** भव्य कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर शीतला माता मंदिर, ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कथा स्थल पर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह ठाकुर जी की पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम स्थल पर कलश स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम अकलवारा में आगामी दिनों में परीक्षित जन्म, ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं तथा रुक्मिणी विवाह का संगीतमय कथा व आकर्षक झांकियों के माध्यम से भव्य प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।



